INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

HANDWRITTEN NOTES



LATEST EDITION

# राजस्थान

# वरिष्ठ (Senior)

# कंप्यूटर अनुदेशक

[भाग -1] कला एवं संस्कृति + इतिहास +करंट अफेयर्स (राजस्थान) + शिक्षाशास्त्र

# कला एवं संस्कृति

1. राजस्थान में चित्रकला
2. लोकनृत्य एवं कला
3. संप्रदाय एवं लोक संत
4. लोक देवता और लोक देवियाँ
5. राजस्थान में हस्त शिल्प कला
6. मेले एवं त्यौहार
7. प्रमुख लोक संगीत
8. राजस्थान की बोलियाँ
9. राजस्थान का साहित्य
10. सामाजिक रीत रिवाज एवं प्रथाएँ
11. राजस्थान में ठिकाना व्यवस्था
12. वस्त्र एवं आभूषण ( पहनावे )
13. राजस्थान में जनजातियाँ

# राजस्थान इतिहास

1. राजस्थान इतिहास के स्त्रोत

2. राजस्थान की प्राचीन सभ्यताएं

3. गुर्जर प्रतिहार वंश

4. मेवाड़ का इतिहास

5. मारवाड़ का इतिहास

6. राजस्थान के अन्य वंश

7. राजस्थान में मुगल राजवंश

8. राजस्थान की रियासतें और ब्रिटिश संधियां

9. 1857 की क्रांति

10. किसान एवं जनजाति आंदोलन

11. राजस्थान में प्रजामंडल

12. राजस्थान का एकीकरण

FREE SAMPLE
INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# राजस्थान का भूगोल

1. सामान्य परिचय
2. भू – आकृतिक प्रदेश
3. नदियां एवं झीलें
4. जलवायु
5. वनस्पति एवं वन्य जीव अभ्यारण्य , वन्यजीव एवं सरंक्षण
6. राजस्थान में मृदा
7. जनसंख्या
8. बेरोजगारी
9. गरीबी
10. राजस्थान में खनिज
11. पशु संसाधन
12. राजस्थान की कृषि
13. राजस्थान में उद्योग
14. प्रमुख परियोजनाएं –
    - मुख्य सिंचाई एवं नदी घाटी परियोजनायें

INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO FREE SAMPLE

- मरुस्थल एवं बंजर भूमि के विकास के लिए परियोजनाएं

- राजस्थान समय सामयिकी (करंट अफेयर्स)

## शिक्षा शास्त्र (Pedagogy)

1. मनोविज्ञान – एक परिचय
2. वृद्धि एवं विकास की संकल्पना
3. अधिगम / सीखना/सिखाना
4. अधिगम में आने वाली कठिनाइयाँ
5. अभिरुचि , स्मृति
6. बालकों में चिन्तन
7. अभिप्रेरणा
8. बुद्धि
9. व्यक्तित्व
10. समावेशी शिक्षा
11. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या – 2005

12. नि : शुल्क व अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009

13. क्रियात्मक – अनुसन्धान

14. शिक्षण अधिगम

15. आंकलन, मापन मूल्यांकन

- सतत एवं समग्र मूल्यांकन

16. अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

17. प्रसिद्ध पुस्तकें व लेखक

FREE SAMPLE

नोट -

प्रिय छात्रों, Infusion Notes के राजस्थान वरिष्ठ (senior) कंप्यूटर अनुदेशक के sample notes आपको पीडीऍफ़ format में "फ्री" में दिए जा रहे हैं और complete Notes आपको Infusion Notes की website या (Amazon/Flipkart) से खरीदने होंगे जो कि आपको hardcopy यानि बुक फॉर्मेट में ही मिलेंगें, या नोट्स खरीदने के लिए हमारे नंबरों पर सीधे कॉल करें (9694804063, 8233195718, 8504091672) | किसी भी व्यक्ति को sample पीडीऍफ़ या complete Course की पीडीऍफ़ के लिए भुगतान नहीं करना है | अगर कोई ऐसा कर रहा है तो उसकी शिकायत हमारे Phone नंबर 9694804063, 8233195718, 0141-4045784 पर करें, उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाई की जाएगी |



# अध्याय – 5

# लोक देवता और लोक देवियाँ

## लोक देवियाँ

राजस्थान के प्रमुख लोक देविया और देवता निम्नलिखित है -

### करणी माता

- बीकानेर के राठौड़ शासकों की कुलदेवी। 'चूहों वाली देवी' के नाम से विख्यात। जन्म सुआप गाँव के चारण परिवार में।
- मंदिर - देशनोक (बीकानेर)।

### करणी जी के काबे

- इनके मंदिर के चूहे । यहाँ सफेद चूहे के दर्शन करण जी के दर्शन माने जाते हैं।
- राव जोधा के समय मेहरानगढ़ दुर्ग की नींव करणी माता ने रखी।
- करणी माता की गायों का ग्वाला-दशरथ मेघवाल
- राव कान्ह ने इनकी गायों पर हमला किया ।
- महाराजा गंगासिंह ने इस मन्दिर में चांदी के किवाड़ भेंट किया ।
- इनके बचपन का नाम रिद्धुबाई. था।
- मठ – देवी के मन्दिर को मठ कहते हैं ।
- अवतार - जगतमाता
- उपनाम – काबा वाली माता, चूहों की देवी ।
- करणी जी की इष्ट देवी 'तेमड़ाजी' हैं । करणी जी के मंदिर के पास तेमड़ाराय देवी का भी मंदिर हैं ।करणी देवी का एकरूप 'सफेदचील' भी है ।
- 'नेहड़ी' नामक दर्शनीय स्थल है जो करणी माता के मंदिर से कुछ दूर स्थित है ।
- करणी जी के मठ के पुजारी चारण जाति के होते हैं।

- करणी जी के आशीर्वाद एवं कृपा से ही राठौड़ शासक 'रावबीका' नेबी का ने रमें राठौड़ वंश की स्थापना की थी । चौत्र एवं आश्विन माहकी नवरात्रि में मेला भरता हैं ।

## जीण माता -

- चौहान वंश की आराध्य देवी । ये धंधराय की पुत्री एवं हर्ष की बहन थी। मंदिर में इनकी अष्टभुजी प्रतिमा है। मंदिर का निर्माण रैवासा (सीकर) में पृथ्वीराज चौहान प्रथम के समय राजा हट्टड़ द्वारा।
- जीणमाता की अष्टभुजा प्रतिमा एक बार में ढ़ाई. प्याला मदिरा पान करती हैं ।इसे प्रतिदिन ढाई. प्याला शराब पिलाई. जाती है ।
- जीणमाता का मेला प्रतिवर्ष चौत्र और आश्विन माह के नवरात्रों में लगता है।
- जीणमाता तांत्रिक शक्तिपीठ हैं ।इसकी अष्टभुजी प्रतिमा के सामने घी एवं तेल की दो अखण्ड ज्योति सदैव प्रज्वलित रहतीहैं ।
- जीणमाता का गीत राजस्थानी लोक साहित्य में सबसे लम्बा हैं ।यह गीत कनफटे जोगियों द्वारा डमरू एवं सारंगी वाद्य की संगत में गाया जाता है।
- जीणमाता का अन्य नाम भ्रामरी देवी है ।

## कैला देवी -

- करौली के यदुवंश (यादववंश) की कुल देवी । इनकी आराधना में लागुरिया गीत गाये जाते हैं ।
- मंदिर :- त्रिकूटपर्वतकीघाटी (करौली) में। यहाँ नवरात्रा में विशाल लक्खी मेला भरता है।
- कैलादेवी का लक्खी मेला प्रतिवर्ष चौत्र मास की शुक्ला अष्टमी को भरता हैं ।कैलादेवी मंदिर के सामने बोहरा की छतरी है ।

## शिला देवी -

- जयपुर के कछवाहा वंश की आराध्यदेवी / कुलदेवी । इनका मंदिर आमेर दुर्ग में है ।



FREE SAMPLE
INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO

## अन्नपूर्णा -

- शिलामाता की यह मूर्तिपाल शैली में काले संगमरमर में निर्मित हैं ।महाराजा मानसिंह पं. बंगाल के राजा के द्वार से सन् 1604 में मूर्ति लाए थे।
- इस देवी को नरबलि दी जाती थी तथा यहाँ भक्तों की मांग के अनुसार मन्दिर का चरणामृत दिया जाता हैं ।मान्यता है कि इस देवी की जहाँ पूजा होती है उसे कोईनहीं जीत सका।

## जमुवायमाता-

- ढूँढाड़ के कछवाहा राजवंश की कुलदेवी । इनका मंदिर जमुवारामगढ़, जयपुर में है। दुलहराय द्वारा मंदिर का निर्माण करवाया गया।

## आई.जी माता -

- सिरवी जाति के क्षत्रियों की कुलदेवी । इनका मंदिर बिलाड़ा (जोधपुर ) में है। मंदिर 'दरगाह' व थान 'बड़ेर' कहा जाता है। ये रामदेवजी की शिष्या थी। इन्हें मानी देवी (नवदुर्गा) का अवतार माना जाता हैं।
- इनके मन्दिर में मूर्ति नहीं होती तथा एक दीपक की लौ से के सरटपकती रहतीहैं ।इनके मन्दिर का पूजारी दीवान कहलाताहैं ।

## राणी सती -

- वास्तविक नाम 'नारायणी'। 'दादीजी' के नाम सेलोक प्रिय। झुंझुनूँ में राणी सती के मंदिर में हरवंर्श भाद्रपद अमावस्या को मेला भरता है ।
- इनके पति का नाम – तन धनदास

## नोट-

- इन्होंने हिसार में मुस्लिम सैनिकों को मारकर अपने पति की मृत्यु का बदला लिया और स्वयं सती हो गयी कुलदेवी ।

FREE SAMPLE
INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

- अग्रवाल समाज की कुलदेवी।
- राज्य सरकार ने 1988 में इस मेले पर प्रतिबंध लगा दिया क्योंकि 1987 में देवराला (सीकर) में "रूपकंवर" नामक राजपूत महिला सती हो गयी थी।

**आवड़ माता -**

- जैसलमेर के भाटी राजवंश की कुलदेवी । इनका मंदिर तेमड़ी पर्वत (जैसलमेर) पर है।

जैसलमेर के तेमड़ी पर्वत पर एक.......................................

**नोट** – प्रिय पाठकों , यह अध्याय (TOPIC) अभी यहीं समाप्त नही हुआ है यह एक **सैंपल मात्र** है / इसमें अभी और भी काफी कंटेंट पढ़ना बाकी है जो आपको **"राजस्थान वरिष्ठ (senior) कंप्यूटर अनुदेशक"** के इन कम्पलीट नोट्स में पढ़ने को मिलेगा / यदि आपको हमारे नोट्स के सैंपल अच्छे लगे हों तो कम्पलीट नोट्स खरीदने के लिए नीचे दिए गये **हमारे संपर्क नंबर पर कॉल करें** , हमें पूर्ण विश्वास है कि ये नोट्स आपकी **"राजस्थान _वरिष्ठ (senior) कंप्यूटर अनुदेशक"** की परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगे, धन्यवाद /

**संपर्क करें –9694804063, 8233195718, 8504091672,9887809083**

**प्रिय दोस्तों, अब तक हमारे नोट्स में से अन्य परीक्षाओं में आये हुए प्रश्नों के परिणाम -**

| EXAM (परीक्षा) | DATE | हमारे नोट्स में से आये हुए प्रश्न |
|---|---|---|
| | | |



FREE SAMPLE

# अध्याय – 6

# मेले एवं त्यौहार

**हिन्दू कैलेंडर के अनुसार देशी महीने**

1. **चैत्र** –मार्च-अप्रेल
2. **वैशाख** –अप्रेल -मई.
3. **ज्येष्ठ** –मई.-जून
4. **आषाढ़** –जून-जुलाई.
5. **श्रावण**-जुलाई.- अगस्त
6. **भाद्रपद**-अगस्त -सितम्बर
7. **अश्विन**-सितम्बर- अक्टूबर
8. **कार्तिक** – अक्टूबर –नवम्बर
9. **मार्गशीर्ष** –नवम्बर – दिसम्बर
10. **पौष** –दिसम्बर- जनवरी
11. **माघ** –जनवरी-फरवरी
12. **फाल्गुन** –फरवरी –मार्च

**हिंदुओं के प्रमुख त्यौहार**

**धुलंडी** - यह होली के दूसरे दिन चैत्र कृष्ण प्रतिपदा(एकम) को मनाई. जाती है।होलिका दहन बुराई. पर अच्छाई. की जीत को दर्शाता है। वहीं दूसरी दिन को**धुलेंडी**या धूलिवंदन भी कहा जाता है। इस दिन लोग एक दुसरे पर रंग, गुलाल और अबीर आदि फेंकते है और ढोल बजा कर होली के गीत गाते है साथ ही घर-घर जाकर अपने दोस्तों और परिवारों आदि को भी रंग लगाया जाता है।

**गणगौर** - यह राजस्थान के सबसे खास त्योहारों में से एक है और राजस्थानियों के लिए यह त्यौहार एक विशेष महत्व रखता है। इस त्यौहार में सुहागन स्त्रियाँ शिव-पार्वती

की पूजा करती है। गणगौर के इस त्यौहार के दौरान युवा लड़कियां अपने सर्वश्रेष्ठ संगठनों में खुद को सजाती हैं और अपनी पसंद के जीवनसाथी के लिए देवी से आशीर्वाद मांगती हैं। दूसरी ओर विवाहित महिलाएं अपने पतियों के कल्याण के लिए प्रार्थना करती हैं। गणगौर त्यौहार में स्त्रियां अच्छे पति का वरदान पाने के लिए पूजा करती है। गणगौर का त्यौहार पार्वती के "गौने" का सूचक है। गणगौर का त्यौहार लगभग 18 दिन तक (चैत्र कृष्ण एकम से शुरू होकर चैत्र शुक्ल तृतीया) चलता है। इन दिनों सर्वाधिक घूमर नृत्य किया जाता है। जयपुर की गणगौर प्रसिद्ध है। धींगा गणगौर एवं बेंतमार मेला जोधपुर में लगता है। बिना ईसर की गणगौर जैसलमेर में पूजी जाती है। उदयपुर के महाराणा राजसिंह प्रथम ने अपनी छोटी महारानी को प्रसन्न करने के लिए रीति के विरुद्ध जबरदस्ती वैशाख कृष्ण तृतीया को गणगौर मनाने का प्रचलन प्रारंभ किया था जिससे इसका नाम धींगा गणगौर प्रसिद्ध हुआ। राजस्थान में नाथद्वारा क्षेत्र में चेत्र शुक्ल पंचमी को गुलाबी गणगोर मनाई. जाती है ।

***शीतला अष्टमी*** - यह त्यौहार चैत्र कृष्ण अष्टमी को मनाया जाता है।शीतलाअष्टमी हिन्दुओं का महत्वपूर्ण त्यौहार है।इस दिन शीतला माता को ठंडा भोग चढ़ाया जाता है एवं शीतला माता की पूजा की जाती हैऔर व्रत भी रखा जाता है।समस्त भोजन सप्तमी की संध्या को बनाकर रखा जाता है।इस दिन बासी खाना खाया जाता है जिस से इसे 'बासिड़ा' कहा जाता है ।बच्चो के चेचक निकलने पर शीतला माता की पूजा की जाता हैं। इसलिए शीतला माता को बच्चों की सरंक्षिका भी कहा जाता है।शीतलामाता का मंदिर चाकसू-जयपुर में हैं ।शीतला माता का वाहन गधा है माता के पुजारी कुमार जाती के लोग होते है

***घुड़ला का त्यौहार*** – यह त्यौहारजोधपुर , बाड़मेर, जैसलमेर आदि जिलों मेंचैत्र शुक्ल अष्टमी से शुरू होकर चैत्र शुक्ल तृतीया तक चलता है।

***घुड़ला त्यौहार का आरम्भ –*** *कोसाणा गांव में लगभग 200 कुंवारी कन्याएँ गणगौर पर्व की पूजा कर रही थी | घुडला खान मुसलमान सरदार अपनी फ़ौज के साथ निकल रहा था, उसने सभी बच्चियों का अपहरण कर लिया, इसकी सूचना गाँव के कुछ घुड़सवारों ने जोधपुर  के राव सातल सिंह राठौड़ जी को दी। राजपुतो की तलवारों ने भागती मुग़ल सेना का पीछा कर ख़ात्मा कर दिया । राव सातल सिंह जी ने तलवार के भरपुर वार से एक ही झटके में दुष्ट घुडला खान का सिर धड़ से अलग कर दिया। राव सातल सिंह ने सभी बच्चियों को मुक्त करवाकर उनके सतीत्व की रक्षा की। गांव वालों ने उस दुष्ट घुडला खान का कटा हुआ सिर बच्चियों को सोंप दिया|बच्चियो ने घुडला खान के सिर को घड़े पर रख कर उस घड़े मे जितने घाव घुडला खान के शरीर पर हुये, उतने छेद किये और फिर पुरे गाँव मे घुमाया एवं हर घर मे रोशनी की गयी| तभी से घुडला त्यौहार मनाया जाता हैं |*

***नववर्ष*** *- यह चैत्र शुक्ल एकम को मनाया जाता है। इस दिन हिन्दुओं का नया वर्ष शुरू होता है।हिंदी पंचांग में इस तिथि का बहुत अधिक महत्व है|*

***वसन्तीय नवरात्र*** *- यह नवरात्र चैत्र शुक्ल एकम से नवमी तक चलते है। इसमें इन नौ दिनों में माँ दुर्गा की पूजा की जाती है।*

***अरुंधति व्रत*** *- यह व्रत चैत्र शुक्ल एकम से शुरू होता है और चैत्र शुक्ल तृतीया तक चलता है।*

***अशोकाष्टमी*** *- यह चैत्र शुक्ल अष्टमी को मनाया जाता है। इस दिन अशोक वृक्ष की पूजा की जाती है।*

***रामनवमी*** *- यह त्यौहार अंतिम नवरात्र (चैत्र शुक्ल नवमी) के दिन भगवान श्री राम के जन्म दिन पर मनाया जाता है। इस दिन रामायण का पाठ किया जाता है। व्यापारी*

लोग इस दिन अपने बही खाते बदलते हैं। श्रद्धालुगण सरयू नदी में स्नान करके पुण्य लाभ कमाते हैं।

***आखा तीज/अक्षय तृतीया*** - यह वैशाख शुक्ल तृतीया को मनाया जाता है। यह एक अबूझ सावा है। इस दिन राजस्थान में सर्वाधिक बाल विवाह होते हैं। इस दिन किसान लोग अपने हल एवं सात अन्ना की पूजा करते है और शीघ्र वर्षा होने की कामना करते हैं। इसी दिन सतयुग एवं त्रेतायुग का आरम्भ माना जाता है।

***वट सावित्री व्रत (बड़मावस)*** - यह ज्येष्ठ अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन स्त्रियां व्रत रखकर बड़ या बरगद की पूजा कर अपने पुत्र एवं पति की आरोग्यता के लिए प्रार्थना करती हैं।

***निर्जला एकादशी***- यह ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी को मनाया जाता है।निर्जला एकादशी सभी 24 एकादशियों में सबसे पवित्र ..............................

***नोट*** – प्रिय पाठकों , यह अध्याय (TOPIC) अभी यहीं समाप्त नही हुआ है यह एक ***सैंपल मात्र*** है / इसमें अभी और भी काफी कंटेंट पढ़ना बाकी है जो आपको ***"राजस्थान वरिष्ठ (senior) कंप्यूटर अनुदेशक"*** के इन कम्पलीट नोट्स में पढ़ने को मिलेगा / यदि आपको हमारे नोट्स के सैंपल अच्छे लगे हों तो कम्पलीट नोट्स खरीदने के लिए नीचे दिए गये ***हमारे संपर्क नंबर पर कॉल करें*** , हमें पूर्ण विश्वास है कि ये नोट्स आपकी ***"राजस्थान _वरिष्ठ (senior) कंप्यूटर अनुदेशक"*** की परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगे, धन्यवाद /

***संपर्क करें- 9694804063, 8504091672, 8233195718,9887809083***

# अध्याय – 10

# सामाजिक रीत रिवाज एवं प्रथाएँ

## सोलह संस्कार

1. गर्भाधान
2. पुंसवन
3. सीमन्तोन्नयन
4. जातकर्म
5. नामकरण
6. निष्क्रमण
7. अन्नप्राशन
8. चूडाक्रम या जडूला
9. कर्णवेध
10. विद्यारम्भ
11. उपनयन
12. वेदारम्भ
13. केशान्त या गोदान
14. समावर्तन या दीक्षान्त
15. विवाह
16. अंत्येष्टि

हमारे यहां जीवन के हर मोड पर किसी न किसी रीति रिवाज का निर्वहन किया जाता है। इनमें से कुछ प्रमुख संस्कार , रिवाज इस प्रकार है।

**1. गर्भाधान**

जब किसी महिला द्वारा बार, गर्भाधारण किया जाता है, तब महिलाओं द्वारा मांगलिक गीत गाये जाते है।

**2. आठवाँ पूजन**

गर्भाधारण के आठवे महीने में आठवाँ  पूजन किया जाता है देवताओं से मन्नत मांगी जाती है। कि जच्चा बच्चा स्वस्थ व सुरक्षित रहें। इस अवसर पर गर्भाधारण करने वाली महिला के पीहर वाले विशेष रूप से उपस्थित रहते हैं।

**3. जन्म घूंटी पिलाना**

बच्चे के पैदा होने पर परिवार की किसी वृद्ध महिला द्वारा बच्चे को जन्म घंटी पिलाई. जाती है।

**4. कांसी की थाली बजाना**

बच्चा पैदा होते ही परम्परानुसार कांसी की थाली डंडे से बनाई. जाती है।

**5. कुआँ पूजन (जलवायु पूजन)**

बच्चे के जन्म के कुछ दिन बाद जच्चा को लेकर देवी देवताओं के गीत गाते हुए पनघट या कुएं पर पहुंचा जाता है। जहाँ  कुएं की पूजा की जाती है। इसे जलवा पूजन भी कहा जाता है।

**6. नामकरण संस्कार**

व्यक्ति के कुल सोलह संस्कार होते है, उनमें नामकरण भी एक है बच्चा पैदा होने पर ज्योतिषी से बच्चे का नामकरण करवाया जाता है। यह संसकरण प्रायः जन्म के ग्यारहवें दिन किया जाता है। पण्डित द्वारा जन्म घड़ी एवं नक्षत्रों के हिसाब से राशि का निर्धारण करते हुए नामकरण किया जाता है। कुल बारह राशियां होती है और प्रत्येक राशि में नौं नौं अक्षर होते है। इन अक्षरों में से ही किसी एक शुभ अक्षर से आरम्भ होने वाला नाम रख लिया जाता है।

**7. आख्या**

बच्चे के जन्म के आठवे दिन बहिन बेटियों को बुलाया जाता है आख्या की रस्म बहिन बेटियों द्वारा पूरी की जाती है। पूजन होता है, नवजात शिशु को साथिया भेंट किया जाता है स्वास्तिक एवं मांगलिक चिन्ह है। जो शुभ होकर विजय का प्रतीक है।

**8. मुण्डन संस्कार**

जब बच्चा साल भर में अधिक बड़ा  हो जाता है तब किसी शुभ दिन बच्चे के सिर के बाल उतारते हुये मुण्डन किया जाता है। सामान्यतः यह मुण्डन किसी तीर्थस्थल, देवस्थान, देवी देवताओं के मंदिर में सम्पन्न होता है।

**9. सगाई.**

लडका या लडकी के परिजन किसी चारण, भाट या पुरोहित को मध्यस्थ बनाकर सगाई. की बात करने भेजते हे जब दूसरा पक्ष सगाई. के प्रस्ताव को स्वीकर कर लेता है तो इसे लडका रोकना कहते है। इसे दस्तूत..............................

**नोट** – प्रिय पाठकों , यह अध्याय (TOPIC) अभी यहीं समाप्त नही हुआ है यह एक **सैंपल मात्र** है / इसमें अभी और भी काफी कंटेंट पढ़ना बाकी है जो आपको **“राजस्थान वरिष्ठ (senior) कंप्यूटर अनुदेशक”** के इन कम्पलीट नोट्स में पढ़ने को मिलेगा / यदि आपको हमारे नोट्स के सैंपल अच्छे लगे हों तो कम्पलीट नोट्स खरीदने के लिए नीचे दिए गये **हमारे संपर्क नंबर पर कॉल करें** , हमें पूर्ण विश्वास है कि ये नोट्स आपकी **“राजस्थान _वरिष्ठ (senior) कंप्यूटर अनुदेशक”** की परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगे,   धन्यवाद /

**संपर्क करें –9694804063, 9887809083, 8233195718,8504091672**



INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO FREE SAMPLE

# •राजस्थान की प्रमुख प्रथाएं

○ **सती प्रथा** - पति की मृत्यु पर पत्नी का उसकी चिता के साथ जलकर मौत का वरण करना ही 'सती प्रथा' कहलाता हैं। इस प्रथा को सहगमन/सहमरणा/अणवारोहण के नाम से भी जाना जाता हैं।

राज्य में सर्वप्रथम सती होने का प्रमाण वि.सं. 861 ई.के घटियाला शिलालेख (जोधपुर) से मिलते है, जबकि राज्य में सती प्रथा की अंतिम घटना दिवराला गांव (सीकर) को मानी जाती हैं। यह घटना 1987 ई.0 की हैं। इस घटना के बाद राजस्थान सरकार ने सती निवारण अधिनियम पारित किया।

- आजादी से पहले राज्य में सर्वप्रथम सती प्रथा पर बूंदी रियासत ने रोक लगाई थी।
- राजा राममोहनराय के प्रयासों से लॉर्ड विलियम बैंटिक ने सन् 1829 में सती प्रथा को रोकने के लिए सरकारी आदेश जारी किया था। इस आदेश के बाद अलवर रियासत ने सर्वप्रथम सती प्रथा पर रोक लगाई थी। भारत के शासक मुहम्मद तुगलक व अकबर ने भी सती प्रथा पर रोक लगाने के प्रयास किए थे।

राज्य में सबसे प्रसिद्ध सती प्रथा की घटना 1652 ई.में हुई। इसमें झुंझुनू के तन धन दास की पत्नी नारायणी देवी सती हुईथी। नारायणी देवी को रानी सती या सती दादी के नाम से भी जाना जात हैं। इस परिवार की कुल 13 महिलाएं सती हुई थी।

○ **अनुमरण प्रथा** - पति के शव के साथ सती न होकर उसके किसी चिन्ह (वस्तु) के साथ सती होना ही 'अनुमरण' कहलाता हैं। ऐसी 'सती' को महासती कहते हैं। मारवाड़ के राजा राव मालदेव की पत्नी उमादे जो कि जैसलमेर के राजा लूणकरण की पुत्री थी। यह उमादे भी मालदेव की पत्नी के साथ सती हुई थी।

○ **अणख प्रथा** - सती होने वाली महिला अपने परिवार के सदस्यों को कुछ उपदेश दिया करती थी, जिसे ही अणख प्रथा कहा जाता था।

- **जौहर प्रथा** - युद्ध में जीत की आशा ना देखकर राजपूत महिलाएं अपने स्त्रीत्व की रक्षा हेतु अग्नि या जल में कूदकर अपनी जान दे देती थी, इसे ही जौहर प्रथा कहते हैं।

- **केसरिया प्रथा** - राजपूत योद्धे के सरिया वस्त्र पहनकर युद्ध करते हुए, वीरगति को प्राप्त हो जाते थे, इसे ही केसरिया करना कहते हैं।

- **साका** - यदि जौहर और केसरिया किसी युद्ध के समय दोनों होते हैं, तो इसे साका कहते हैं।
- **अर्द्धसाका** - यदि किसी युद्ध में केसरिया तो हुआ, लेकिन 'जौहर' नहीं हुआ तो इसे 'अर्द्धसाका' कहते हैं।
- **डावरिया प्रथा** - राजाओं की लड़की के शादी में उनके साथ दहेज के रूप में अन्य कुंवारी कन्याएं दी जाती थी, जिसे 'डावरिया' कहा जाता था।
- **नाता प्रथा** - पुनर्विवाह को ही नाता प्रथा कहते हैं।
- **कोथला** - बेटी के पिता लड़कों वालों को बुलाकर कुछ उपहार देता हैं, इसे ही कोथला कहा जाता हैं।
- **समठुणी** - विवाह के उपरांत लड़की के पिता द्वारा बारातियों को विदाई. के समय कुछ भेंट प्रदान की जाती हैं। इसे ही समठुणी कहते हैं।

**त्यागप्रथा** - राजकुमारियों के विवाह के अवसर पर राजा या महाराजाओं द्वारा चारण साहित्यकारों को दिया जाने वाला उपहार। इसे ही 'पोलपात बारहठ' कहा जाता हैं। इस पर सर्वप्रथम 1841 ई.में जोधपुर.....................

**नोट** – प्रिय पाठकों , यह अध्याय (TOPIC) अभी यहीं समाप्त नही हुआ है यह एक **सैंपल मात्र** है / इसमें अभी और भी काफी कंटेंट पढ़ना बाकी है जो आपको **"राजस्थान**

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

***वरिष्ठ (senior) कंप्यूटर अनुदेशक"*** *के इन कम्पलीट नोट्स में पढ़ने को मिलेगा / यदि आपको हमारे नोट्स के सैंपल अच्छे लगे हों तो कम्पलीट नोट्स खरीदने के लिए नीचे दिए गये* ***हमारे संपर्क नंबर पर कॉल करें*** *, हमें पूर्ण विश्वास है कि ये नोट्स आपकी* ***"राजस्थान _वरिष्ठ (senior) कंप्यूटर अनुदेशक"*** *की परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगे, धन्यवाद /*

***संपर्क करें –9694804063, 8504091672,9887809083, 8233195718***

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO
FREE SAMPLE

# राजस्थान का इतिहास

## अध्याय – 2

## राजस्थान की प्राचीन सभ्यताएं

अब हम राजस्थान की प्राचीन सभ्यताएं पढ़ते हैं।

### 1. कालीबंगा की सभ्यता -

**इस सभ्यता की खोज : -**

इस सभ्यता की सबसे पहले जानकारी देने वाले एक पुरातत्ववेत्ता एवं भाषा शास्त्री लुईसपीतेंसीतोरी थे। इन्होंने इस सभ्यता के बारे में सबसे पहले परिचय दिया लेकिन इस सभ्यता की तरफ किसी का पूर्णरूप सेध्या न नहीं था इसलिए इसकी खोजन हीं हो पाई। इस सभ्यता के खोजकर्ता अमलानंद घोष हैं। उन्होनें 1952 में सबसे पहले इस सभ्यता की खोज की थी।

इनके बाद में इस सभ्यता की खोज दो अन्य व्यक्तियों के द्वारा भी की गई थी जो 1961 से 1969 तक चली थी।

1.बृजवासीलाल

2.बीके (बालकृष्ण) थापर इन्हीं दोनों ने इस सभ्यता की विस्तृत रूप से खोज की थी

**लुईस पी तैंसीतोरी के बारे में -**

ये इटली के पुदीने कस्बे के निवासी थे इनका जन्म सन् 1887 में हुआ । और यह 1900 ईस्वी में भारत आए । यह बीकानेर राज्य में सबसे पहले आए । उस समय के तत्कालीन राजा महाराजागंगा सिंह जीने इन्हें अपने राज्य का सभी प्रकार का चारण साहित्य लिखने की जिम्मेदारी दी । बीकानेर संग्रहालय भी इन्होंने ही बनवाया है । ये एक भाषा शास्त्री एवं पुरातत्ववेत्ता थे उन्होनें राजस्थानी भाषा के दो प्रकार बताएँ थे।

1. पूर्वी राजस्थानी 2. पश्चिमी राजस्थानी

इस सभ्यता का कालक्रम कार्बन डेटिंग पद्धति के अनुसार 2350 ईसा पूर्व से 1750 ईसा पूर्व माना जाता है।

कालीबंगा शब्द "सिंधी भाषा" का एक शब्द है जिसका शाब्दिक अर्थ होता है - "काले रंग की चूड़ियां"। इस स्थल से काले रंग की चूड़ियों की बहुत सारी ढेर प्राप्त हुए इसलिए इस सभ्यता को कालीबंगा सभ्यता नाम दिया गया।

कालीबंगा की सभ्यता है भारत की ऐसी पहली सभ्यता स्थल है जो स्वतंत्रता के बाद खोजी गई थी। यह एक कांस्य युगीन सभ्यता है।

हनुमानगढ़ जिलें से इस सभ्यता से संबंधित जो भी वस्तुएं प्राप्त हुई हैं उनको सुरक्षित रखने के लिए राजस्थान सरकार के द्वारा 1985 - 86 में कालीबंगा संग्रहालय की स्थापना की गई थी । यह संग्रहालय हनुमानगढ़ जिलें में स्थित है।

**<u>यह सभ्यता की विशेषताएं -</u>**

इस सभ्यता की सड़कें एक दूसरे को समकोण पर काटती थीं इसलिए यहां पर मकान बनाने की पद्धति को "ऑक्सफोर्ड पद्धति" कहते हैं। इसी पद्धति को जाल पद्धति, ग्रीक, चेम्सफोर्ड पद्धति के नाम से भी जानते हैं।

मकान कच्ची एवं पक्की ईंट के बने हुए थे, आरम्भ यह कच्ची ईंटे थीं इसलिए इस सभ्यता को दीन हीन सभ्यता भी कहते हैं इन ईंटों का आकार 30 x 15 x 7.5 है।

इन मकानों की खिड़की एवं दरवाजे पीछे की ओर होते थे

यहां पर जो नालियां बनी हुई थी वह लकड़ी (काष्ठ) की बनी होती थी। आगे चलकर इन्हीं नालियों का निर्माण पक्की ईटों से होता था (विश्व में एकमात्र ऐसा स्थान जहां लकड़ियों की बनी नालियां मिली है वह कालीबंगा स्थल है)

विश्व की प्राचीनतम जुते हुए खेत के प्रमाण इसी सभ्यता से मिलते हैं।

यहां पर मिले हुए मकानों के अंदर की दीवारों में दरारें मिलती हैं इसलिए माना जाता है कि विश्व में प्राचीनतम भूकंप के प्रमाण यहीं से प्राप्त होते हैं।



FREE SAMPLE

यहां के लोग एक साथ में दो फसलें करते थे अर्थात् फसलों के होने के प्रमाण भी यहीं से मिलते हैं जों और गेहूं।

यहां पर उत्खनन के दौरान यज्ञकुंड / अग्नि वेदिकाएं प्राप्त हुए हैं यहां के लोग बलिप्रथा में भी विश्वास रखते थे।

इस सभ्यता का पालतू जानवर कुत्ता था । यह सभ्यता के लोग ऊंट से भी परिचित थे । इसके अलावा गाय, भैंस, बकरी, घोड़ा से भी परिचित थे।

विश्व में प्राचीनतम नगर के प्रमाण यहीं पर मिले हैं, इसलिए इसे नगरीय सभ्यता भी कहते हैं यहां पर मूर्तिपूजा, देवी / देवता के पूजन, चित्रांकन या मूर्ति का कोई प्रमाण नहीं मिला है।

यहां पर समाधि प्रथा का प्रचलन था। यह समाधि तीन प्रकार की मिलती है अर्थात् तीन प्रकार से मृतक का अंतिम संस्कार किया जाता था

- अंडाकार गड्डे खोद कर व्यक्ति को दफनाना । इस गड्डे में व्यक्ति का सिर उत्तर की ओर पैर दक्षिण की ओर होते थे
- अंडाकार गड्डे खोदकर व्यक्ति को तोड़मरोड़ कर इकट्ठा करके दफनाना
- एक खड्डा खोदकर व्यक्ति के साथ आभूषण को दफनाना ।

स्वास्तिक चिन्ह का प्रमाण इसी कालीबंगा सभ्यता से प्राप्त होता है इस स्वास्ति क चिन्ह का प्रयोग यहां के लोग वास्तुदोष को दूर करने के लिए किया करते थे ।

कालीबंगा की सभ्यता और मेसोपोटामिया की सभ्यता की समानता के प्रमाण बेलनाकार बर्तन मिलते हैं।

यहां पर एक कपाल मिलता है जिसमें छः प्रकार के छेद थे। जिससे अनुमान लगाया जाता है कि यहां के लोग शल्य चिकित्सा से परिचित थे अर्थात् शल्य चिकित्सा के प्राचीनतम प्रमाण इसी सभ्यता से मिलते हैं।

यहां पर एक सिक्का प्राप्त होता है जिस के एक और स्त्री का चित्र है तथा दूसरी ओर चीता का चित्र बना हुआ है अर्थात् अनुमान......................................

INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO FREE SAMPLE

**नोट** – प्रिय पाठकों , यह अध्याय (TOPIC) अभी यहीं समाप्त नही हुआ है यह एक **सैंपल मात्र** है / इसमें अभी और भी काफी कंटेंट पढ़ना बाकी है जो आपको **"राजस्थान वरिष्ठ (senior) कंप्यूटर अनुदेशक"** के इन कम्पलीट नोट्स में पढ़ने को मिलेगा / यदि आपको हमारे नोट्स के सैंपल अच्छे लगे हों तो कम्पलीट नोट्स खरीदने के लिए नीचे दिए गये **हमारे संपर्क नंबर पर कॉल करें** , हमें पूर्ण विश्वास है कि ये नोट्स आपकी **"राजस्थान _वरिष्ठ (senior) कंप्यूटर अनुदेशक"** की परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगे, धन्यवाद /

**संपर्क करें –9694804063, 8233195718, 8504091672,9887809083**

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO
FREE SAMPLE

# अध्याय-5

# मारवाड़ का इतिहास

## राठौड़ वंश

राजस्थान के उत्तरी पश्चिम भाग में जिस राजपूत वंश का शासन हुआ उसे राठौड़ वंश कहा गया है। उसे मारवाड़ के नाम से जाना जाता है। मारवाड़ में पहले गुर्जर प्रतिहार वंश का राजा था। प्रतिहार यहाँ से कन्नौज (उत्तरप्रदेश) चले गये। फिर राठौड़ वंश कि स्थापना इस भाग में हुई तथा मारवाड़ कि संकटकालीन राजधानी 'शिवाना दुर्ग' को कहा जाता था।

| शाखा | स्थापना | संस्थापक |
|---|---|---|
| 1. मारवाड़ (जोधपुर ) | 1240 ई. | राव सीहा |
| 2. बीकानेर | 1465 ई. | राव बीका |
| 3- किशनगढ़ | 1609 ई.- | किशनसिंह |

हम इस अध्याय में मारवाड़ के राठौड़ वंश का विस्तृत अध्ययन करेंगे।

## उत्पत्ति

राठौड़ शब्द की व्युत्पत्ति राष्ट्रकूट शब्द से मानी जाती है।

पृथ्वीराजरासो, नैणसी, दयालदास और कर्नल टॉड राठौड़ों को कन्नौज के जयचन्द गहड़वाल का वंशज मानते हैं।

राठौड़ वंश महाकाव्य में राठौड़ों की उत्पत्ति शिव के शीश पर स्थित चन्द्रमा से बताई है।

डॉ. हार्नली ने सर्वप्रथम राठौड़ों को गहड़वालों से भिन्न माना है। इस मत का समर्थन डा. ओझा ने किया हैं।

डा. ओझा ने मारवाड़ के राठौड़ों को बदायूँ के राठौड़ों का वंशज माना हैं।



INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO
FREE SAMPLE

## मारवाड़ (जोधपुर ) के राठौड़ संस्थापक – राव सीहा (1240 – 1273)

मारवाड़ के राठौड़ वंश के संस्थापक, तथा मारवाड़ के राठौड़ों का संस्थापक या आदि पुरुष भी कहा जाता है ।

राव सीहां कुंवर 'सेतराम' का पुत्र था उसकी रानी सोलंकी वंश की 'पार्वति थी ।

13 वीं शताब्दी में जब तुर्कों ने कन्नौज को आक्रमण कर बरबाद कर दिया तो राव सीहा मारवाड़ चला आया ।

राव सीहा ने सर्वप्रथम पाली ( वर्तमान ) के निकट अपना साम्राज्य स्थापित किया ऐसा कहते है कि उन्होनें पाली के पालीवाल ब्राह्मणों को मेर व मीणाओं के अत्याचार से मुक्ति दिलाई उनकी रक्षा की तथा उसके पश्चात् उनके आग्रह पर वहीं आकर बस गया ।

पाली के समीप बीठू गाँव के देवल के लेख से सीहा की मृत्यु की तिथि 1273 ई. निश्चित होती है ।इस लेख के अनुसार सीहा सेतकुँवर का पुत्र था । उसकी पत्नी पार्वती ने उसकी मृत्यु पर इस देवल का निर्माण करवाया था ।इस लेख के अनुसार सीहा की मृत्यु बीठू गांव ( पाली ) में मुसलमानों से गायों कि रक्षा करते हुए युद्व के दौरान हुई थी । इस लेख पर अश्वारोही सीहा को शत्रु पर भाला मारते हुए दिखाया गया है । इस लेख से प्रमाणित होता है कि इस समय राठौड़ों का राज्य विस्तार पाली के आस - पास ही सीमित था ।

राव सीहा के पश्चात् उनका पुत्र आस्थान गद्दी पर बैठा ।

## आस्थान ( 1273 – 1291)

सीहा के बाद आस्थान राठोड़ों का शासक बना। उसने गूँदोज को केन्द्र बनाया । 1291 ई. में सुल्तान जलालुद्दीन खिलजी के आक्रमण के समय पाली की रक्षा करते हुए आस्थान वीरगति को प्राप्त हुआ

आस्थान के पुत्र धूहड़ ने राठौड़ों की कुलदेवी चक्रेश्वरी की मूर्ति कर्नाटक से लाकर नगाणा गांव ( बाड़मेर ) मे स्थापित कराई ।

राठौड़ राजवंश की कुलदेवी चक्रेश्वरी, राठेश्वरी, नागणेची या नागणेचिया के नाम से प्र सिद्ध है ।

इनके छोटे भाई का नाम धांधल था। ये लोकदेवता पाबू जी के पिता थे ।

## राव चूड़ा (1383 – 1423)

राव चूडा विरमदेव का पुत्र था ।

राव चूड़ा राठौड़ों का प्रथम महत्वपूर्ण शासक माना जाता हैं । अपने पिता की मृत्यु के समय चूड़ा छः वर्ष का था । इसलिए उसकी माता ने उसे चाचा मल्लिनाथ के पास भेज दिया। मल्लिनाथ ने चूड़ा को सालोड़ी गाँव जागीर में दिया था ।

उसने इन्दा शाखा के राजा की पुत्री किशोर कुंवरी ( मण्डोर जोधपुर ) से विवाह किया तथा दहेज में उसे मण्डौर दुर्ग मिला ।

चूड़ा ने इन्दा परिहारों के साथ मिलकर मण्डौर को मालवा के सूबेदार से छीन लिया तथा मण्डौर को अपनी राजधानी बनाया।

इस प्रकार इन्दा परिहारों को अपना सहयोगी बनाकर राव चूड़ा ने मारवाड़ में सामन्त प्रथा की स्थापना की।

उसने जलाल खां खोखर को पराजित कर नागौर पर अधिकार कर लिया था ।

परन्तु जैसलमेर के भाटियों और जांगलप्रदेश के सांखलाओं के नागौर पर आक्रमण के समय 1423 ई. में चूड़ा मारा गया ।

राव चूड़ा ने नागौर के पास चूण्डासर कस्बा बसाया ।

उसकी रानी चाँद कँवर ने जोधपुर की चाँदबावड़ी का निर्माण करवाया था ।

## रावल मल्लिनाथ

राजस्थान के प्रसिद लोकदेवता इन्होंने अपनी राजधानी 'मेवानगर' (नाकोड़ा) बनायी ।

मल्लीनाथ के नाम पर ही मारवाड़ क्षेत्र को मालाणी कहते हैं ।

भाई 'वीरम' (मल्लीनाथ ने अपने बेटे जगमाल को राजा न बनाकर वीरम को राजा बना दिया।



FREE SAMPLE INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO

## कान्हा (1423-1427)

चूड़ा ने अपनी मोहिलाणी रानी के प्रभाव में आकर उसके पुत्र कान्हा को अपना उत्तराधिकारी बनाया जबकि रणमल, चूड़ा का ज्येष्ठ पुत्र था।

रणमल मेवाड़ के राणा लाखा की शरण में चला गया तथा अपनी बहन हंसाबाई का विवाह लाखा से कर दिया। राणा ने उसे धणला गाँव जागीर में दिया।

1427 ई. में रणमल ने राणा मोकल की सहायता से मण्डौर पर अधिकार कर लिया। इस समय कान्हा का उत्तराधिकारी सत्ता मण्डौर का शासक था।

ऐसा कहा जाता है कि राव कान्हा कि मृत्यु 'करणी माता के हाथों हुई थी ।

## राव रणमल,-(1427-1438)

राव रणमल, राव चूडा का ज्येष्ठ पुत्र था जो उन्हें रानी चाँद कवर से हुआ था ।

परंतु जब उसे राजा नहीं बनाया गया तो वह नाराज होकर मेवाड़ के राणा लक्ष सिंह (लाखा)की शरण में चला गया ।

राणा लाखा ने रणमल को 'धणला' की जागीर प्रदान की ।

रणमल ने अपनी बहन हंसाबाई का विवाह राणा लाखा से कर दिया । परंतु उसने एक शर्त रखी जिसके अनुसार हंसाबाई का पुत्र ही मेवाड़ का शासक बने ।

रणमल ने अपने समय में मारवाड़ और मेवाड़ रियासतों पर मजबूत नियंत्रण बना रखा था।

रणमल ने अपने भाई तथा मारवाड़ के राजा 'कान्हा के साथ युद्ध किया तथा इस युद्ध में रणमल का साथ मेवाड़ के मोकल (भॉजा) ने दिया । इस युद्ध में कान्हा मारा गया ।

मेवाड़ी सरदारों ने 1438 ई. में उसकी प्रेयसी भारमली की सहायता से चित्तौड़ में रणमल की हत्या कर दी । ऐसा कहा जाता है कि उसे उसकी प्रेयसी भारमली ने शराब में विष दिया था । इस तरह रणमल का अंत हुआ ।

## राव जोधा (1438 - 1489)

1. राव 'रणमल' को रानी 'कोडमद' से जो पुत्र हुआ वहीं राव जोधा था ।



FREE SAMPLE
INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

2. पिता रणमल की हत्या के बाद जोधा ने चित्तौड़ से भागकर बीकानेर के समीप काहुनी गाँव में शरण ली ।

3. चूड़ा के नेतृत्व में मेवाड़ की सेना ने राठौड़ों की राजधानी मण्डौर पर अधिकार कर लिया। 15 वर्ष बाद राव जोधा मण्डौर पर पुनः अधिकार कर पाया ।

4. राव जोधा ने सन् 1453 में मण्डौर राज्य को अपने अधीन किया ।

5. राव जोधा ने 13 मई 1459 ई. में जौधपुर नगर बसाया /

6. राव जोधा ने 1459 ई. में चिड़ियाटुक पहाड़ी पर मेहरानगढ़ दुर्ग का निर्माण कराया /

7. दुर्ग के निर्माण के पश्चात् राव जोधा ने अपनी राजधानी मण्डौर से .......................

**नोट** – प्रिय पाठकों , यह अध्याय (TOPIC) अभी यहीं समाप्त नही हुआ है यह एक **सैंपल मात्र** है / इसमें अभी और भी काफी कंटेंट पढ़ना बाकी है जो आपको **"राजस्थान वरिष्ठ (senior) कंप्यूटर अनुदेशक"** के इन कम्पलीट नोट्स में पढ़ने को मिलेगा / यदि आपको हमारे नोट्स के सैंपल अच्छे लगे हों तो कम्पलीट नोट्स खरीदने के लिए नीचे दिए गये **हमारे संपर्क नंबर पर कॉल करें** , हमें पूर्ण विश्वास है कि ये नोट्स आपकी **"राजस्थान _वरिष्ठ (senior) कंप्यूटर अनुदेशक"** की परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगे, धन्यवाद /

**संपर्क करें –9694804063, 8233195718, 8504091672,9887809083**

**प्रिय दोस्तों, अब तक हमारे नोट्स में से अन्य परीक्षाओं में आये हुए प्रश्नों के परिणाम -**

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

| EXAM (परीक्षा) | DATE | हमारे नोट्स में से आये हुए प्रश्न |
|---|---|---|
| RAS PRE. 2021 | 27 अक्तूबर | 74 (cut off- 64) |
| SSC GD 2021 | 16 नवम्बर | 68 (100 में से) |
| SSC GD 2021 | 30 नवम्बर | 66 (100 में से) |
| SSC GD 2021 | 01 दिसम्बर | 65 (100 में से) |
| SSC GD 2021 | 08 दिसम्बर | 67 (100 में से) |
| राजस्थान S.I. 2021 | 13 सितम्बर | 113 (200 में से) |
| राजस्थान S.I. 2021 | 14 सितम्बर | 119 (200 में से) |
| राजस्थान S.I. 2021 | 15 सितम्बर | 126 (200 में से) |
| RAJASTHAN PATWARI 2021 | 23 अक्तूबर (1st शिफ्ट) | 79 (150 में से) |
| RAJASTHAN PATWARI 2021 | 23 अक्तूबर (2nd शिफ्ट) | 103 (150 में से) |
| RAJASTHAN PATWARI 2021 | 24 अक्तूबर (1st शिफ्ट) | 95 (150 में से) |
| RAJASTHAN PATWARI 2021 | 24 अक्तूबर (2nd शिफ्ट) | 91 (150 में से) |
| RAJASTHAN VDO 2021 | 27 दिसंबर (1st शिफ्ट) | 59 (100 में से) |
| RAJASTHAN VDO 2021 | 27 दिसंबर (2nd शिफ्ट) | 61 (100 में से) |
| RAJASTHAN VDO 2021 | 28 दिसंबर (1st शिफ्ट) | 56 (100 में से) |
| RAJASTHAN VDO 2021 | 28 दिसंबर (2nd शिफ्ट) | 57 (100 में से) |

FREE SAMPLE
INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO

| | | |
|---|---|---|
| U.P. SI 2021 | 14 नवम्बर 2021 1st शिफ्ट | 91 (160 में से) |
| U.P. SI 2021 | 21नवम्बर2021 (1st शिफ्ट) | 89 (160 में से) |

दोस्तों, इनका proof देखने के लिए नीचे दी गयी लिंक पर क्लिक करें या हमारे youtube चैनल पर देखें –

RAS PRE. - https://www.youtube.com/watch?v=p3_i-3qfDy8&t=136s

VDO PRE. - https://www.youtube.com/watch?v=gXdAk856W18&t=202s

Patwari - https://www.youtube.com/watch?v=X6mKGdtXyu4&t=103s

अन्य परीक्षाओं में भी इसी तरह प्रश्न आये हैं Proof देखने के लिए हमारे youtube चैनल (Infusion Notes) पर इसकी वीडियो देखें या हमारे नंबरों पर कॉल करें /

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO
FREE SAMPLE

संपर्क करें –9694804063, 8233195718, 8504091672,9887809083

## • 'कच्छवाहा' वंश

कच्छवाहा' अपने आपको भगवान श्री राम के पुत्र कुश' की संतान मानते हैं।

संस्थापक दुलहराय (तेजकरण), मूलतः ग्वालियर निवासी था। 1137 ई. में उसने बड़गुजरों को हराकर नवीन ढूँढाड़ राज्य की स्थापना की।

दुलहराय के वंशज कोकिलदेव ने 1207 ई. में मीणाओं से आमेर जीतकर अपनी राजधानी बनाया, जो 1727 ई. तक कच्छवाहा वंश की राजधानी रहा।

इसी वंश के शेखा ने शेखावटी में अपना अलग राज्य बनाया।

### कछवाहा वंश के प्रमुख शासक

### पृथ्वीसिंह

यह आमेर का पहला शक्तिशाली शासक था। 1527 में खानवा के युद्ध में पृथ्वीराज राणा सांगा की तरफ से लड़ता हुआ वीरगति को प्राप्त होता है इस समय पृथ्वीराज की पत्नी बालाबाई अपने छोटे पुत्र पूरणमल का राज्याभिषेक करवाती है जिसके कारण पृथ्वीराज का बड़ा पुत्र भीमदेव नाराज हो जाता है।

भीमदेव 1533 में पूरणमल को परास्त करके स्वयं शासक बनता है, 1536 में भीमदेव की मृत्यु के पश्चात् उसका पुत्र रतनसिंह शासक बनता है, रतन सिंह से उसका चाचा सांगा शत्रुता रखने लग जाता है, सांगा ने बीकानेर के राव जैतसी के साथ मिलकर रतन सिंह से उसका मोजमाबाद वाला क्षेत्र छीनकर सांगानेर बसाता है, सांगा की मृत्यु के पश्चात् उसका छोटा भाई भारमल रतनसिंह से शत्रुता रखने लग जाता है. भारमल ने रतन सिंह के छोटे भाई आसकरण को अपने पक्ष में मिलाते हुए आसकरण के माध्यम से रतन सिंह की हत्या करवा देता है और आसकरण को कुछ समय के लिए शासक बनाता है भारमल जून 1547 में आसकरण को हटाते हुए स्वयं शासक बन जाता है।

रानी बालाबाई ने गलता में कृष्णदास पयहारी संप्रदाय को संरक्षण दिया था।

INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO FREE SAMPLE

## भारमल (1547-1574 ई.)

भारमल (1547-1574 ई.) या बिहारीमल 1547 ई. में भारमल आमेर का शासक बना। भारमल प्रथम राजस्थानी शासक था, जिसने अकबर की अधीनता स्वीकार की व 1562 ई. में अपनी पुत्री हरखाबाई उर्फ मानमति या शाही बाई (मरियम उज्जमानी) का विवाह अकबर से किया।

मुगल बादशाह जहाँगीर हरखाबाई का ही पुत्र था।

## अकबर और राजस्थान यात्रा :

अकबर ने अपने जीवन में पहली बार यात्रा के लिए 1562 में राजस्थान आता है यही उसकी राजस्थान की पहली यात्रा थी इस यात्रा का उद्देश्य अजमेर स्थित ख्वाजा साहब की दरगाह में जियारत करना था।

इस यात्रा के दौरान आमेर का शासक भारमल सांभर के निकट अकबर से सामेला प्रक्रिया से मुलाकात करते हुए अकबर की अधीनता स्वीकार करता है, तथा अपनी पुत्री के विवाह का प्रस्ताव रखता है।

## जोधा अकबर विवाह:

अजमेर से लौटता हुआ अकबर 10 जनवरी 1562 को भारमल की पुत्री जोधाबाई / हरकाबाई के साथ विवाह करता है ।

जोधा अकबर विवाह पहला राजपूत मुगल विवाह सम्बन्ध था ।

भारमल पहला राजपूत था जिसने मुगलों की अधीनता स्वीकार की थी ।

अकबर ने भारमल को अमीर-उल-उमरा की उपाधि प्रदान की थी तथा उसके पुत्र भगवंतदास व पौत्र मानसिंह को अपनी दरबारी सेवा में नियुक्त किया ।

## भगवन्त दास (1574-1589 ई.)

भगवन्त दास या भगवान दास भारमल का पुत्र था।

उसने अपनी पुत्री मानबाई (मनभावनी) का विवाह शहजादे सलीम (जहाँगीर) से किया।



FREE SAMPLE
INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO

मानबाई को सुल्तान निस्सा' की उपाधि प्राप्त थी। खुसरो इसी का पुत्र था।

1562 में जब भारमल (Raja Bharmal) अकबर की अधीनता स्वीकार करता है, तो अकबर भगवंतदास को अपनी दरबारी सेवा में नियुक्त करता है।

भगवानदास मुगलों के दरबार में नियुक्त होने वाला पहला राजपूत दरबारी था।

अकबर ने भगवंत दास को 1582 में लाहौर का सूबेदार नियुक्त किया था। इसी लाहौर सूबेदारी के तहत् 1589 में भगवंत दास ने अपनी पुत्री मानबाई का विवाह अकबर के पुत्र सलीम के साथ करवाया था।

मानबाई को मुगल दरबार में सुल्ताना मस्ताना' के नाम से जाना जाता था। खुसरो इसी का पुत्र था, जहाँ गीर के अत्यधिक शराबी होने के कारण मानबाई ने 1608 में आत्महत्या कर ली थी।

मानबाई का शाही मकबरा इलाहाबाद में स्थित है।

## मानसिंह (1589-1614 ई.)

मानसिंह भगवन्त दास का पुत्र था।

मानसिंह आमेर के कच्छवाहा शासकों में सर्वाधिक प्रतापी एवं महान् राजा था।

मानसिंह ने 52 वर्ष तक मुगलों की सेवा की ।

मानसिंह 1573 में अकबर के दूत के रूप में राणा प्रताप से मिला था ।

1576 ई. में हल्दीघाटी युद्ध में उसने शाही सेना का नेतृत्व किया था।

अकबर ने उसे फर्जन्द (पुत्र) एवं राजा की उपाधि प्रदान की।

वह अकबर के नवरत्नों में शामिल था।

मानसिंह ने बंगाल में अकबर नगर तथा बिहार में मानपुर नगर को बसाया ।

मानसिंह स्वयं कवि, विद्वान, साहित्य प्रेमी व विद्वानों का आश्रयदाता था।

शिलादेवी (आमेर), जगत शिरोमणी (आमेर) गोविन्द देवजी (वृंदावन) मंदिर उसी ने बनवाये थे।

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO
FREE SAMPLE

## बिहार सूबेदारी:-

अकबर मानसिंह को 1587 में बिहार का सूबेदार नियुक्त करता है। बिहार सूबेदारी के दौरान 1589 में भगवंतदास की मृत्यु होने पर मानसिंह का राज्याभिषेक होता है इस समय अकबर मानसिंह की मनसब 5000 निश्चित करता है। बिहार सूबेदारी के दौरान ही मानसिंह ने 1594 में उड़ीसा को जीतकर उसे मुगल भारत का अंग बनाया था।

## बंगाल सूबेदारी:-

1594 में मानसिंह बंगाल का सूबेदार नियुक्त होता है। बंगाल सूबेदारी के दौरान बीमार होने पर मानसिंह अजमेर आकर बंगाल पर नियंत्रण हेतु अपने पुत्र जगत सिंह को बंगाल भेजता है।

मानसिंह ने आमेर में जल आपूर्ति हेतु मानसागर झील का निर्माण करवाया था तथा आमेर के महलों व आमेर के मुकुट बिहारी मंदिर का निर्माण ..........................................

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO
FREE SAMPLE

**नोट** – प्रिय पाठकों , यह अध्याय (TOPIC) अभी यहीं समाप्त नही हुआ है यह एक **सैंपल मात्र** है / इसमें अभी और भी काफी कंटेंट पढ़ना बाकी है जो आपको **"राजस्थान वरिष्ठ (senior) कंप्यूटर अनुदेशक"** के इन कम्पलीट नोट्स में पढ़ने को मिलेगा / यदि आपको हमारे नोट्स के सैंपल अच्छे लगे हों तो कम्पलीट नोट्स खरीदने के लिए नीचे दिए गये **हमारे संपर्क नंबर पर कॉल करें** , हमें पूर्ण विश्वास है कि ये नोट्स आपकी **"राजस्थान _वरिष्ठ (senior) कंप्यूटर अनुदेशक"** की परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगे, धन्यवाद /

**संपर्क करें –9694804063, 8504091672,9887809083, 8233195718,**

# अध्याय - 6

# राजस्थान के अन्य वंश

परमार का शाब्दिक अर्थ शत्रु को मारने वाला होता है। प्रारम्भ में परमारों का शासन आबू के आस-पास के क्षेत्रों तक ही सीमित था। प्रतिहारों की शक्ति के ह्रास के उपरान्त परमारों की राजनीतिक शक्ति में वृद्धि हुई।

## राजस्थान के परमार वंश

**आबू के परमार** :- आबू के परमार वंश का संस्थापक 'धूमराज' था, लेकिन इनकी वंशावली उत्पलराज से प्रारम्भ होती है। पड़ौसी होने के कारण आबू के परमारों का गुजरात के शासकों से सतत् संघर्ष चलता रहा। गुजरात के शासक मूलराज सोलंकी से पराजित होने के कारण आबू के शासक धरणीवराह को राष्ट्रकूट धवल का शरणागत होना पड़ा। लेकिन कुछ समय बाद धरणीवराह ने आबू पर पुनः अधिकार कर लिया। उसके बाद महिपाल का 1002 ई. में आबू पर अधिकार प्रमाणित होता है। इस समय तक परमारों ने गुजरात के सोलंकियों की अधीनता स्वीकार कर ली। महिपाल के पुत्र धंधुक ने सोलंकियों की अधीनता से मुक्त होने का प्रयास किया। फलतः आबू पर सोलंकी शासक भीमदेव ने आक्रमण किया। धंधुक आबू छोड़कर धार के शासक भोज के पास चला गया। भीमदेव ने विमलशाह को आबू का प्रशासक नियुक्त किया। विमलशाह ने भीमदेव व धंधुक के मध्य पुनः मेल करवा दिया। उसने 1031 ई. में आबू में 'आदिनाथ' के भव्य मंदिर का भी निर्माण करवाया। धंधुक की विधवा पुत्री ने बसन्तगढ़ में सूर्यमंदिर का निर्माण करवाया व सरस्वती बावड़ी का जीर्णोद्धार करवाया।

**कृष्णदेव के शासनकाल** :- - कृष्णदेव के शासनकाल में 1060 ई. में परमारों और सोलंकियों के सम्बन्ध पुनः बिगड़ गए, लेकिन नाड़ौल के चौहान शासक बालाप्रसाद ने इनमें पुनः मित्रता करवाई। कृष्णदेव के पौत्र विक्रमदेव ने महामण्डलेश्वर की उपाधि धारण

की। विक्रमदेव का प्रपौत्र धारावर्ष (1163-1219 ई.) आबू के परमारों का शक्तिशाली शासक था। इसने मोहम्मद गौरी के विरुद्ध युद्ध में गुजरात की सेना का सेनापतित्व किया। वह गुजरात के चार सोलंकी शासकों कुमारपाल, अजयपाल, मूलराज व भीमदेव द्वितीय का समकालीन था। उसने सोलंकियों की अधीनता का जुआ उतार फेंका। उसने नाडौल के चौहानों से भी अच्छे सम्बन्ध रखे। अचलेश्वर के मन्दाकिनी कुण्ड पर बनी हुई धारावर्ष की मूर्ति और आर-पार छिद्रित तीन भैंसे उसके पराक्रम की कहानी कहते हैं। 'कीर्ति कौमूदी' नामक ग्रंथ का रचयिता सोमेश्वर धारावर्ष का कवि था। उसके पुत्र सोमसिंह के शासनकाल में तेजपाल ने आबू के देलवाड़ा गाँव में 'लूणवसही' नामक नेमिनाथ का मंदिर अपने पुत्र लूणवसही व पत्नी अनुपमादेवी के श्रेयार्थ बनवाया। इसके पश्चात् प्रतापसिंह और विक्रम सिंह आबू के शासक बने। 1311 ई. के लगभग नाडौल के चौहान शासक राव लूम्बा ने परमारों की राजधानी चन्द्रावती पर अधिकार कर लिया और वहाँ चौहान प्रभुत्व की स्थापना कर दी।

**मालवा के परमार** :- - मालवा के परमारों का मूल उत्पत्ति स्थान भी आबू था। इनकी राजधानी उज्जैन या धारानगरी रही, मगर राजस्थान के कई भू-भाग-कोटा राज्य का दक्षिणी भाग, झालावाड़, वागड़, प्रतापगढ़ का पूर्वी भाग आदि इनके अधिकार में थे। मालवा के परमारों का शक्तिशाली शासक मुंज हुआ, वाक्पतिराज, अमोघ-वर्ष उत्पलराज, पृथ्वीवल्लभ, श्रीवल्लभ आदि उसके विरुद थे। मेवाड़ के शासक शक्तिकुमार के शासनकाल में उसने आहड़ को नष्ट किया और चित्तौड़ पर अधिकार कर लिया। उसने चालुक्य शासक तैलप द्वितीय को छः बार परास्त किया, मगर सातवीं बार उससे पराजित हुआ और मारा गया। राजा मुंज को 'कवि वृष' भी कहा जाता था। 'नवसहसांक चरित' का रचयिता पद्मगुप्त और अभिधानमाला' का रचयिता हलायुध उसके दरबार की शोभा बढ़ाते थे।

मुंज के बाद सिन्धुराज और भोज प्रसिद्ध परमार शासक हुए। भोज अपनी विजयों और विद्यानुराग के लिए प्रसिद्ध था। भोज ने सरस्वती कण्ठाभरण, राजमृगांक, विद्वज्जनमण्डल, समरांगण, शृंगार मंजरी कथा, कूर्मशतक आदि ग्रंथ लिखे। चित्तौड़ में उसने 'त्रिभुवन



FREE SAMPLE

नारायण' का प्रसिद्ध शिव मंदिर बनवाया, जो मोकल मंदिर के नाम से भी जाना जाता है, (1429 ई. में राणा मोकल द्वारा जीर्णोद्धार के कारण)। कुम्भलगढ़ प्रशस्ति के अनुसार नागदा में भोजसर का निर्माण भी परमार भोज द्वारा करवाया गया। उसने सरस्वती कण्ठाभरण नामक पाठशाला बनवाई। वल्लभ, मेरुतुंग, वररुचि, सुबन्धु, अमर, राजशेखर, माघ, धनपाल, मानतुंग आदि विद्वान उसके दरबार में थे।

भोज का उत्तराधिकारी जयसिंह भी एक योग्य शासक था। वागड़ का राजा मण्डलीक उसका सामन्त था। 1135 ई. के लगभग मालवा पर चालुक्य शासक सिद्धराज ने अधिकार कर लिया और परमारों की शक्ति ह्रासोन्मुख हो गई। तेरहवीं शताब्दी में अर्जुन वर्मा के समय मालवा पर पुनः परमारों का आधिपत्य स्थापित हुआ। मगर यह अल्पकालीन रहा। खिलजियों के आक्रमण ने मालवा के वैभव को नष्ट कर दिया और परमार भाग कर अजमेर चले गए।

**वागड़ के परमार** :- - वागड़ के परमार मालवा के परमार कृष्णराज के दूसरे पुत्र डम्बरसिंह के वंशज थे। इनके अधिकार में डूंगरपुर-बाँसवाड़ा का राज्य था, जिसे वागड़ कहते थे। अर्थूणा इनकी राजधानी थी। धनिक, कंकदेव, सत्यराज, चामुण्डराज, विजयराज आदि इस वंश के शासक हुए। चामुण्डराज ने 1079 ई. में अर्थूणा में मण्डलेश्वर मंदिर का निर्माण करवाया। 1179 ई. में गुहिल शासक सामन्तसिंह ने परमारों से वागड़ छीन कर वहाँ गुहिल वंश का शासन स्थापित कर दिया। अर्थूणा के ध्वस्त खण्डहर आज भी परमार काल की कला और समृद्धि की कहानी बयां करते हैं।

**जाट वंश**

○ राजस्थान के पूर्वी भाग भरतपुर, धौलपुर पर जाट वंश का शासन था।

भरतपुर के जाटवंश के ....................

FREE SAMPLE

**नोट** – प्रिय पाठकों , यह अध्याय (TOPIC) अभी यहीं समाप्त नही हुआ है यह एक **सैंपल मात्र** है / इसमें अभी और भी काफी कंटेंट पढ़ना बाकी है जो आपको **"राजस्थान वरिष्ठ (senior) कंप्यूटर अनुदेशक"** के इन कम्पलीट नोट्स में पढ़ने को मिलेगा / यदि आपको हमारे नोट्स के सैंपल अच्छे लगे हों तो कम्पलीट नोट्स खरीदने के लिए नीचे दिए गये **हमारे संपर्क नंबर पर कॉल करें** , हमें पूर्ण विश्वास है कि ये नोट्स आपकी **"राजस्थान _वरिष्ठ (senior) कंप्यूटर अनुदेशक"** की परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगे, धन्यवाद /

**संपर्क करें –9694804063, 9887809083 8233195718,8504091672,**

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO
FREE SAMPLE

# अध्याय – 12

# राजस्थान का एकीकरण

- प्रिय दोस्तों, ब्रिटिश प्रधानमंत्री एटली ने घोषणा की थी कि 3 जून 1948 तक भारत की सत्ता भारतीयों को सौंप दी जाएगी ।
- इन्होंने नया गर्वनर जनरल लार्ड माउन्टबेटन को नियुक्त किया (भारत का अंतिम गवर्नर जनरल)
- 31 दिसम्बर 1945 को उदयपुर राज्य में पंडित जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद् के अधिवेशन में राजस्थान के एकीकरण का सुझाव दिया गया । राजाओं के वैमनस्य को देखते हुए यह लगने लगा था कि ये लोग स्वयं कोई निर्णय नहीं ले पायेंगे । इसलिए अनुभव किया जाने लगा कि अब केन्द्र सरकार को ही एकीकरण का प्रयास करना होगा ।
- अतः सरदार वल्लभ भाई. पटेल ने 16 दिसम्बर 1948 को यह घोषणा की कि राजस्थान की सभी छोटी-बड़ी रियासतों को मिलाकर एक संघ का निर्माण किया जाएगा ।
- केबिनेट मिशन के अनुसार ब्रिटिश सरकार ने 22 मई 1946 ई. को घोषणा की कि छोटी-छोटी रियासतों को आपस में मिलाकर बड़ी इकाईयां बना लेनी चाहिए या पड़ोस की बड़ी रियासतों या प्रांतों में मिल जाना चाहिए ।
- भारत स्वतंत्रता अधिनियम - 1947 की आठवीं धारा के अनुसार देशी रियासतों पर से ब्रिटिश प्रभुसत्ता का अंत हो गया ।
- स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में तीन श्रेणी के राज्य थे –

(1) ए श्रेणी - वे राज्य, जो पूर्व में प्रत्यक्ष ब्रिटिश नियंत्रण में थे जैसे बिहार, बम्बई., मद्रास आदि । इनके प्रमुख राज्यपाल (गवर्नर) कहलाते थे ।

(2) बी श्रेणी - वे राज्य, जो स्वतंत्रता के बाद छोटी-बड़ी रियासतों के एकीकरण द्वारा बनाये गए थे, जैसे राजस्थान, मध्य भारत आदि । इनके प्रमुख राजप्रमुख कहलाते थे ।

(3) सी श्रेणी - ये वे छोटे-छोटे राज्य थे, जिन्हें ब्रिटिश काल में चीफ कमिशनर के प्रान्त कहा जाता था जैसे अजमेर, दिल्ली ।



INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO FREE SAMPLE

- लार्ड माउन्टबेटन ने 3 जून 1947 को भारत विभाजन/डिकी बर्ड प्लान/बेंटन योजना प्रारंभ किया ।

इस अधिनियम की धारा 15 के अनुसार अब देशी रियासतें या तो भारत या पाकिस्तान में अपना विलय कर सकती थी या अपना स्वतंत्र अस्तित्व बनाये रख ..............................

**नोट** – प्रिय पाठकों , यह अध्याय (TOPIC) अभी यहीं समाप्त नही हुआ है यह एक **सैंपल मात्र** है / इसमें अभी और भी काफी कंटेंट पढ़ना बाकी है जो आपको **"राजस्थान वरिष्ठ (senior) कंप्यूटर अनुदेशक"** के इन कम्पलीट नोट्स में पढ़ने को मिलेगा / यदि आपको हमारे नोट्स के सैंपल अच्छे लगे हों तो कम्पलीट नोट्स खरीदने के लिए नीचे दिए गये **हमारे संपर्क नंबर पर कॉल करें** , हमें पूर्ण विश्वास है कि ये नोट्स आपकी **"राजस्थान _वरिष्ठ (senior) कंप्यूटर अनुदेशक"** की परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगे, धन्यवाद /

**संपर्क करें –9694804063, 8504091672,98878090, 8382331957 18**

# राजस्थान का भूगोल

## अध्याय – 1

## सामान्य परिचय

प्रिय छात्रों, राजस्थान के भूगोल का अध्ययन करने के लिए हम इसे निम्न दो भागों में विभाजित करेंगे-

1. सामान्य परिचय
2. भौतिक स्वरूप

1. सामान्य परिचय-

प्रिय छात्रों, सामान्य परिचय के अंतर्गत हम राजस्थान के निम्न विषयों को विस्तार से समझेंगे-

(क) राजस्थान शब्द का उल्लेख
(ख) राजस्थान की स्थिति
(ग) राजस्थान का विस्तार
(घ) राजस्थान का आकार
(ङ) राजस्थान की आकृति

2. भौतिक स्वरूप - इसी प्रकार भौतिक स्वरूप के अंतर्गत हम निम्न विषयों को विस्तार से समझेंगे-

(क)पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेश
(ख)अरावली पर्वतीय प्रदेश
(ग) पूर्वी मैदानी प्रदेश
(घ) दक्षिण पूर्वी पठारी प्रदेश

### 1. राजस्थान का परिचय

(क) राजस्थान शब्द का उल्लेख- राजस्थान- राजाओं का स्थान

INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO FREE SAMPLE

प्रिय छात्रों, राजस्थान शब्द का सर्वप्रथम उल्लेख राजस्थानी साहित्य विक्रम संवत 682 ई. में उत्कीर्ण बसंतगढ़ (सिरोही जिला) के शिलालेख में मिलता है।

मारवाड़ इतिहास के प्रसिद्ध लेखक "मुहणोत नैणसी"ने भी अपनी पुस्तक "नैणर्स री ख्यात" में भी राजस्थान शब्द का प्रयोग किया है, लेकिन इस पुस्तक में यह शब्द भौगोलिक प्रदेश राजस्थान के लिए प्रयुक्त हुआ नहीं लगता।

महर्षि वाल्मीकि ने राजस्थान की भौगोलिक क्षेत्र के लिए "मरुकान्तार" शब्द का उल्लेख किया है।

जॉर्ज थॉमस पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने सन् 1800 ई. में इस भौगोलिक क्षेत्र को "राजपूताना" शब्द कहकर पुकारा । इस तथ्य का वर्णन विलियम फ्रैंकलिन ने अपनी पुस्तक "मिलिट्री मेमोरीज ऑफ़ मिस्टर थॉमस" में किया है।

**जॉर्ज थॉमस:-** जॉर्ज थॉमस एक आयरलैंड के सैनिक थे जो कि 18वीं. सदी में भारत आए और 1798 से 1801 तक भारत में एक छोटे से क्षेत्र (हिसार-हरियाणा) के राजा रहे। इन्होंने राजस्थान को "राजपूताना" शब्द इसलिए कहा क्योंकि मध्यकाल एवं पूर्व आधुनिक काल में राजस्थान में अधिकांश राजपूत राजवंशों का शासन था। ब्रिटिश काल में इस क्षेत्र को "राजपूताना" कहा जाता था।

विलियम फ्रैंकलिन:-विलियम फ्रैंकलिन मूल रूप से लंदन के निवासी थे। यह जॉर्ज थॉमस के घनिष्ट मित्र थे। उन्होनें 1805 जॉर्ज थॉमस के ऊपर "A Military Memories of George Thomas" नामक पुस्तक लिखी थी।

अकबर के नवरत्नों में से एक मध्यकालीन इतिहासकार "अबुल फजल" ने इस भौगोलिक क्षेत्र के लिए "मरुभूमि" शब्द का प्रयोग किया है।

